राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–220/2023

भारत की शक्ति आध्यात्मिकता में निहित है –राज्यपाल

पटना, 08 अगस्त 2023 :– ''भारत की शक्ति आध्यात्मिकता में निहित है और यह जितनी सुदृढ़ होगी, विश्व में हमारी साख उतनी की बढ़ती जाएगी।''– यह बातें महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अन्तर्राष्ट्रीय चिन्मय मिशन के 71वें स्थापना दिवस के अवसर पर आशियाना–रामनगरी रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि केरल राज्य ने सैकडों वर्ष पूर्व हमें आदिशंकराचार्य और इस शताब्दी में स्वामी चिन्मयानंद जी को दिया। इन दोनों महापुरूषों के विचारों में समानता थी। शंकराचार्य अद्वैतदर्शन के मुख्य प्रवर्तक थे। उन्होंने भारत में चार पीठों की स्थापना की। स्वामी चिन्मयानंद जी ने भी सनातन परम्परा के रक्षार्थ अपने जीवन के एक–एक क्षण को समर्पित कर दिया। उन्होंने श्रीमद्‌भगवतगीता को जीवन का आधार बनाकर देश के विभिन्न राज्यों में इसका प्रचार किया तथा वह गीता ज्ञान यज्ञ की निरंतरता के लिए लगातार प्रयत्नशील रहे। स्वामी चिन्मयानंद जी एक सच्चे कर्मयोगी थे और आज भी वह हमारे विचारों में हैं।

कार्यक्रम को पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री शिवाजी पाण्डेय तथा विश्व हिन्दू परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० आर०एन० सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर चिन्मय मिशन, पटना के महासचिव श्री सुभाष चन्द्र एवं सदस्य डॉ० बसंत कुमार सिन्हा, भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ० विजय किशोरपुरिया, माँ वैष्णो देवी सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जगजीवन सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....